तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 फरवरी 2026



12 चिपावंड को मिली महतारी सदन की सौगात





13 स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत...






## खबर संक्षेप



### बकावंड में निकली गई स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान रैली

**जगदलपुर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के अंतर्गत लेप्रा सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्पर्श कुष्ठ जन जागरूकता अभियान कुष्ठ विरोधी पखवाड़ा कुष्ठ विरोधी दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. महिपाल मुण्डा, शिबो होता (फिजियोथेरेपिस्ट), पर्यवेक्षक रामाराव, स्टाफ नर्स रेणुका, पिंकी, शांती मौर्य, जोगेश्वर कश्यप, डिलेश्वरी कश्यप, हायर सेकेन्ड्री बकावंड के प्राचार्य हेमंत कुमार देवांगन, रामवती मौर्य, चन्द्रकांत देशमुख, अनिता मिंज, रविन्द्र नेताम, ज्योति बेक, पर्यवेक्षक दिनेश पराते सहित 150 स्कूली बच्चों ने रैली में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

### कमिश्नर व कलेक्टर कार्यालय में याद किए गए अमर शहीद



**जगदलपु**। कमिश्नर डोमन सिंह और कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं कलेक्टोरेट स्थित गांधी उद्यान में कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अधिकारी कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वैष्णव जन तो तेने कहिए का सामूहिक पाठ हुआ।

### बापू की पुण्यतिथि पर शराब दुकानों का खुलना काला अध्याय

**जगदलपुर**। बस्तर जिला कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने राष्ट्रपिता की



पुण्यतिथि पर बस्तर सहित प्रदेश की समस्त शराब दुकानों को खोले जाने पर कड़ा विरोध किया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि इस दिन शुष्क दिवस के रूप में घोषित किया जाता है । पुण्यतिथि शेष पेज 12 पर

# काले कानून के खिलाफ सवर्ण समाज का ऐलान, बस्तर से निर्णायक लड़ाई की हुंकार

## प्रेसवार्ता में चेतावनी, ऐसा कोई कानून स्वीकार नहीं, जो समाज को टकराव की ओर ले जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रस्तावित बिल को लेकर सवर्ण समाज में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आसुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर बिल का कड़ा विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि कोई भी ऐसा कानून नहीं बनाया जाना चाहिए,जिससे समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो और सामाजिक समरसता को आघात पहुंचे। प्रेसवार्ता में एडवोकेट द्विवेदी ने कहा गया कि यह कानून समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम करेगा, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते इस बिल को वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। आने वाले दिनों में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को मांगपत्र सौंपने की रणनीति भी तय की गई है।

भारत बंद हुआ तो बस्तर बंद तय, जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर करेंगे आंदोलन




### आंदोलन की रणनीति क्रमबद्ध रूप में

काले कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने स्पष्ट रोडमैप तय किया है। पहले चरण में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, दूसरे चरण में राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को मांगपत्र सौंपा जाएगा। यदि इसके बाद भी सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे, तो भारत बंद के साथ बस्तर बंद में सक्रिय भागीदारी की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक सड़क आंदोलन से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

वक्ताओं ने यह भी एलान किया कि यदि 1 फरवरी को इस काले कानून के विरोध में भारत बंद का आह्वान होता है, तो बस्तर बंद में भी सवर्ण समाज पूरी ताकत के साथ शामिल होगा। प्रेसवार्ता में क्षत्रिय महासभा समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान, सर्व ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष संजीव शर्मा, शेष पेज 12 पर

## अपराध : आश्रम अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम की ठगी

# नौकरी के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी, फार्मासिस्ट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वयं को व्यापम का बड़ा अधिकारी बताकर बेरोजगारों को झासें में लेकर लाखों रूपए की ठगी करने वाले फार्मासिस्ट को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

- जीजा को व्यापमं का बड़ा अधिकारी बताकर लिया झासें में

29 जनवरी को बोधघाट थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी अनंतराम कश्यप निवासी कुम्हारपारा जगदलपुर ने बताया कि ग्राम बड़ेकनेरा जिला कोंडागांव में फार्मासिस्ट के पद पर पदस्थ प्रमोद सिंह भार्गव पिता हिन्दलाल भार्गव ने आवेदक को अपने जीजा को व्यापम का अधिकारी बता कर प्रार्थी की बेटी एवं भांजी को आश्रम अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख रूपए की ठगी किया है। रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एससपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई करने टीम तैयार किया गया। टीम के द्वारा आरोपी प्रमोद सिंह भार्गव 43 वर्ष निवासी बजरंगपुर नवागांव थाना व जिला राजनंदगांव को कोंडागांव से पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध घटित करना कबूल करने तथा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से आरोपी को 31 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, आरक्षक भैरव सिन्हा, परमानन्द भोयर व होरीलाल आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## उपमुख्यमंत्री ने आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से अस्पताल में की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार शाम रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेर्गुट्टा पहाड़ी में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों से जानकारी ली तथा जवानों के परिजनों से भी चर्चा की।

- चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर परिजनों से की चर्चा

उपमुख्यमंत्री ने घायल जवानों से घटना की जानकारी लेकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए कि जवानों के बेहतर एवं समुचित उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में तैनात हमारे जवान



अत्यंत साहस और समर्पण के साथ देश-प्रदेश की सुरक्षा में लगे हैं, और उनका त्याग अतुलनीय है। ज्ञात हो कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत करेर्गुट्टा पहाड़ी में 25 जनवरी को छह आईईडी विस्फोट हुए थे। इन विस्फोटों की चपेट में आने से डीआरजी के 12 जवान घायल हो गए थे। यह घटना उस समय हुई, जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम तेलंगाना सीमा से लगे करेर्गुट्टा हिल्स क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। घटना के बाद सभी घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहां उनका उपचार एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। इनमें से 6 जवानों को उपचार उपरांत स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है, जबकि शेष जवानों की स्थिति में सुधार हो रहा है।

## बाल कल्याण समिति ने संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत बस्तर जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का बाल कल्याण समिति ने औचक निरीक्षण किया । शासकीय बाल गृह बालक, बालिका गृह, खुला आश्रय गृह बालक, बस्तर सामाजिक जन विकास समिति एवं सेवा भारती मातृ छाया, विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी शामिल रही। अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि संस्थाओं में साफ-सफाई, पौष्टिक आहार, बच्चों की नियमित पढ़ाई एवं स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संस्था अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है। फरवरी व मार्च में बाल गृह बालक, बालिका में निवासरत बच्चों के परीक्षा होने है उसके लिए बच्चों को पढ़ाई में ध्यान देने कहा गया । ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से जोड़ने कार्ययोजना तैयार करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान सदस्य संतोष जोशी, वर्षा श्रीवास्तव, धनेश्वरी वर्मा सहित संबंधित संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## त्रुटियां सुधारने पंचायत भवन में जमावड़ा

**जगदलपुर**। मतदाता सूची का गहन पुर्नरीक्षण का काम जोर शोर से चल रहा है। 30 जनवरी



को मारकेल और नगरनार के पंचायत भवन में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाइन लगाकर जमे हुए थे। नगरनार के सरपंच प्रतिनिधि रैनु बघेल ने बताया कि बीएलओ और शिक्षक इस काम को अंजाम दे रहे हैं। लोग त्रुटियों को सुधारने दस्तावेजों के साथ पहुंचे हैं। सावधानी पूर्वक त्रुटियों को सुधारने का काम चल रहा है।

## सार्वजनिक जगह में चाकू दिखाकर आम लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

आड़ावाल के झंडापारा चौक की घटना, चाकू के साथ पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सार्वजनिक स्थान में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र के आड़ावाल झंडापारा चौक का है। सार्वजनिक जगह पर चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिलते ही एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार करने तत्काल



टीम तैयार किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम महादेव कश्यप 25 वर्ष निवासी ग्राम हल्बाकचोरा का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, बलराम कश्यप, आरक्षक परमानन्द भोयर व होरीलाल आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## टैक्स का भुगतान नहीं होने पर पंजीयन रद्द और वाहन जब्त करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने बस्तर जिले के टैक्स बकायादार वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है, जिसमें विशेषकर कमर्शियल वाहनों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। टैक्स जमा न करने



पर पंजीकरण रद्द करने, कुर्की और वाहन जब्त करने की चेतावनी दी गई है, साथ ही बकाया वसूली के लिए विशेष चेकिंग अभियान भी चल रहे हैं। नोटिस के बाद भी टैक्स न भरने पर वाहन को जप्त करने और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिनके मासिक और त्रैमासिक टैक्स और ब्याज की राशि काफी अधिक है। यह राशि बड़ी संख्या में ऐसे वाहनों से संबंधित है, जो अब संचालन में नहीं हैं। हालांकि आरटीओ एवं उड़नदस्ता की टीम वाहनों की जांच की जा रही है।

### बकायादारों की बनी कुंडली

सालों से टैक्स जमा न करने वाले वाहन मालिकों की कुंडली परिवहन विभाग ने बना ली है,जिसे जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। जिला प्रशासन ने बकायादारों की संपत्ति का ब्योरा खंगालना शुरू करेगा। ब्योरा मिलते ही बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी होगा। विभाग इस बार बकाया टैक्स वसूलने में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगा।

### वाहन मालिकों को दी सलाह

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिकों को अपने वाहन का टैक्स ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से चेक करना चाहिए। वाहन मालिक इस तरह की किसी भी समस्या से बचने के लिए तुरंत अपने नजदीकी आरटीओ दफ्तर में संपर्क करें या ऑनलाइन पोर्टल पर टैक्स जमा करें।




# गणतंत्र दिवस समारोह में योगिता का हुआ विशेष सम्मान

## जिला स्तरीय समारोह में विधायक लता उसेंडी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बालिका योगिता मंडावी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर योगिता को सम्मानित किया। वर्तमान में योगिता नेशनल स्कूल गेम्स में प्रतिभागी के रूप में मणिपुर के इम्फाल में आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में शामिल हैं। इस कारण सम्मान समारोह में उनकी ओर से उनके साथी खिलाड़ी ने प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी योगिता मंडावी का जीवन बचपन से ही संघर्षों से भरा रहा है। उनका जन्म 1 जनवरी 2011 को छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम हिर्री में हुआ। माता–पिता के असामयिक निधन के बाद मात्र चार वर्ष की आयु में वे अनाथ हो गईं और इसके बाद चाचा–चाची के संरक्षण में रहीं।

### बालगृह से खेल जगत तक का प्रेरणादायक सफर

देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 25 जनवरी 2021 को जिला प्रशासन द्वारा योगिता को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, बालगृह बालिका कोंडागांव में प्रवेश दिलाया गया। वर्तमान में वे स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, तहसीलपारा कोंडागांव में कक्षा 9वीं की छात्र हैं। बालगृह में आने के बाद योगितने जीवन को नई दिशा दी और मात्र 10 वर्ष की उम्र में जूडो खेल को अपनाया। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर उन्होंने बहुत कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।



### राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीते कई पदक

योगिता ने वर्ष 2024 में दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, खेलो इंडिया क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2024 नासिक में रजत पदक तथा खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता 2024 केरल में भी रजत पदक प्राप्त किया। वर्ष 2025 में राज्य स्तरीय ओपन जूडो एवं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, वहीं राष्ट्रीय ओपन जूडो प्रतियोगिता 2025 हैदराबाद में कांस्य पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप



### चाकूबाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बचेली।** लौहनगरी बचेली निवासी सिक्यूरिटी गार्ड हरिशंकर सलाम ने थाना आवेदन किया कि 28 जनवरी की रात्रि आशीष नाग, रविन्द्र निषाद, प्रवीण कर्मा एवं अन्य साथी आंबेडकर पार्क के समीप स्थित उनके निवास सिक्यूरिटी गार्ड क्वार्टर में जबरन बैरक के दीवाल को फांदकर बैरक अंदर घूसकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही नानचाकू से व लात घूसे से मारपीट किए, जिससे सिर में चोटे आयी हैं तथा उसके साथी लीमदास कश्यप को थप्पड से मारपीट किये हैं। पुलिस थाना में अपराध धारा 296,115(2), 351(3),118(1), 331(6), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में आरोपियो की पतासाजी के उपरांत सकुनत में जाकर हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक समय व स्थान को घटना कारित करना पाये जाने से आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में उप निरीक्षक रूपेश नारंग, सउनि गोर्वधन निर्मलकर, प्रआर संतराम नेताम, प्रआर मेहतुराम कोर्राम, आरक्षक हीरा कुमार रात्रे एवं राजेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा आज

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन 1 फरवरी को दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 12:15 बजे तक प्राथमिक कक्षाओं के लिए द्वितीय पाली दोपहर 3:00 बजे से 5:45 बजे तक माध्यमिक कक्षाओं के लिए।

### नियमित भर्ती में कार्यानुभव अंक देने की मांग

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नर्सेस कल्याण संघ ने स्टॉफ नर्सेस को कार्यानुभव अंक प्रदान करने की मांग की है। धमतरी जिले के एनएचएम स्टॉफ नर्सेस ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्टॉफ नर्स के पद पर कोविड-19 महामारी के पूर्व से लेकर वर्तमान में निरंतर सेवा दे रहे हैं। महामारी के दौरान अग्रिम पंक्ति पर रहकर समर्पित जनसेवा की है। वर्तमान में संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा स्टॉफ नर्स के 525 नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। सभी संविदा कर्मचारी लंबे समय से और कठिन परिस्थितियों में विभाग को सेवाएं दे रहे हैं।

## डॉ. आशा लकड़ा एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने किया लोकार्पण

# चिपावंड को मिली महतारी सदन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विभागीय स्टॉलों का अवलोकन एवं सामग्री वितरण

कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिपावंड में नवनिर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शासकीय योजनाओं के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सवांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना और जनजातीय दिवस की शुरुआत को जनजातीय गौरव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कोंडागांव की शिल्पकला एवं हुनर की सराहना करते हुए कहा कि जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।



### महिलाओं के सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा महतारी सदन

विधायक लता उसेंडी ने महतारी सदन के लोकार्पण पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए महतारी वंदन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लखपति दीदी योजना को महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल बताया।

### विकसित भारत ग्रामजी योजना पर प्रकाश

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने विकसित भारत ग्रामजी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण आजीविका, रोजगार सृजन एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 12 समूहों को मिला सीड लाइसेंस

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में पहली बार बिहान समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका सेवा केंद्र के अंतर्गत 12 संगठनों को सीड लाइसेंस प्रदान किया गया। जिससे वे कृषि सखी के माध्यम से अपने क्षेत्र में सेवाएं दे सकेंगी। इस अवसर पर 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, 4 लखपति दीदी को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों ने किया थाना धनोरा का शैक्षिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

कोण्डागांव एसपी पंकज चन्द्रा के निर्देशन में व एएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरुण नेताम के मार्गदर्शन में 31 जनवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक भुनेश्वर नाग थाना धनोरा द्वारा स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल धनोरा के बच्चों को थाना का भ्रमण कराया गया। बच्चों को सबसे पहले थाना प्रभारी कक्ष दिखाकर थाना प्रभारी के कर्तव्य के बारे में बताया गया साथ ही कक्ष में लगे मेप एवं वरिष्ठ अधिकारियों का नाम बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा के बारे में जानकारी दिया गया।

हेडमोहर्रिर कक्ष में हेडमोहर्रिर के कर्तव्य, रोजनामचा लेखन ,अन्य रिकॉर्ड और तख्तियों, वीसीएनबी, वायरलेस सेट के बारे में जानकारी दिया गया। आर्म्स कक्ष के आर्म्स-एम्यूनेशन, मालखाना में जप्त संपत्ति के बारे में बताया गया। सीसीटीएनएस कक्ष में ऑनलाइन एफआईआर तथा अन्य रिकॉर्ड का ऑनलाईन कार्यवाही के बारे में जानकारी दिया गया। थाना के महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष तथा महिला/पुरुष बंदीगृह का भ्रमण कराया गया। थाना भ्रमण के दौरान बच्चे बहुत ही उत्साहित रहे। भ्रमण के बाद सभी बच्चों को यातायात नियम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, नवीन आपराधिक कानून, महिला अपराध, नशामुक्ति एवं विशेष तौर पर सायबर अपराध के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया तथा किसी प्रकार का साईबर फ्रॉड होने पर 1930 तथा अन्य अपराध घटित होने पर 100 व 112 डॉयल करने समझाईश दिया गया,सम्पूर्ण कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक/शिक्षिका तथा थाना धनोरा के थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बस्तर पण्डुम 2026 में शामिल हुईं डॉ. आशा लकड़ा

जनजातीय संस्कृति संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल : डॉ. लकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी बुधवार की शाम कोंडागांव के स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित बस्तर पण्डुम 2026 के जिला स्तरीय समारोह में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने विभिन्न जनजातीय स्टॉलों का अवलोकन किया और बस्तर की समृद्ध संस्कृति से रूबरू हुईं। उन्होंने जनजातीय परंपरा के प्रतीक गोदना कला को अपनाते हुए हाथ में गोदना भी गुदवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि बस्तर पण्डुम जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में शासन की एक सराहनीय पहल है। उन्होंने जनजातीय आयोग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही अमूल्य विरासत है। बस्तर पण्डुम जैसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने और समझने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में शासन की महत्वपूर्ण पहल बताया।

### अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, समाज प्रमुखों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे।



## शुष्क दिवस की मांस बिक्री की विक्रेताओं पर 15,000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदूल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को पूरे क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया गया था। इस दौरान शराब और मांस-मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद, नियमों की अवहेलना करने वाले दुकानदारों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की टीम ने क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ मटन और मुर्गा दुकानें खुली पाई गईं, जो शासन के आदेशों का उल्लंघन कर रही थीं। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सिंगारपुर कैंप वार्ड क्रमांक 17 के दुकानदारों पर कुल 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय पर्वों और विशेष दिवसों पर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। यदि भविष्य में भी इस प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो भारी जुर्माने के साथ-साथ दुकान का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका अमला मौजूद रहा।

## कोण्डागांव में संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 का औपचारिक शुभारंभ बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा।

विधायक लता उसेण्डी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संपूर्णता अभियान जिले के समग्र विकास, सामाजिक समावेशन और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जिले ने आकांक्षी विकासखण्ड एवं जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि इस वर्ष भी सभी इंडिकेटर्स में शत–प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कर जिले को पुनः गौरवान्वित करें।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सभी विभागों को अभियान को मिशन मोड में लेकर जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजनाओं से वंचित न रहे। संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता, टीबी उन्मूलन, मातृ–शिशु स्वास्थ्य सहित अन्य प्रमुख संकेतकों पर विस्तृत चर्चा की गई। विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यों, कार्ययोजना, समयबद्ध क्रियान्वयन एवं आपसी समन्वय के संबंध में स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए।



### 100 प्रतिशत उपलब्धि का लिया संकल्प

कार्यशाला के अंत में सभी विभाग प्रमुखों ने निर्धारित समय–सीमा में सभी संकेतकों में शत–प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम का आयोजन बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायतक्ष रीता शोरी, नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत माकड़ी अध्यक्ष जुगबती पोयाम, पार्षद सुश्री सोनामणि पोयाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अलग अलग हादसों में दो महिला समेत पांच घायल





जगदलपुर। बोधघाट थाना क्षेत्र के परपा नाका व सरगीपाल के करीब हुए दो अलग हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में ऑटो सवार दो महिला भी शामिल है। सभी घायलों का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना परपा नाका के पास हुआ जहां एक ही दिशा से आ रही कार और इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों वाहन चालक घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी चालक दूर जा गिरा और स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। दोनों वाहनों की टक्कर के दौरान एक और तेज रफ्तार बाईक भी कार से जा टकराई जिसमें बाईक चालक भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बोधघाट थाना में पदस्थ एसआई ललित नेगी अपनी कार से सुबह दस बजे ड्यूटी के लिए पुलिस क्वार्टर परपा से बोधघाट थाना जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी के चालक व कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी चालक सेमल नाग निवासी नानगुर के सिर व पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं हादसे में बाईक सवार भी घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा तत्काल सभी घायलों को महारानी अस्पताल लाया गया यहां सीटी स्केन के बाद सेमल नाग को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। एक अन्य हादसा सरगीपाल के करीब हुआ तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने ऑटो को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ऑटो में सवार दो महिला व ऑटो चालक घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दोनों घटना बोधघाट थाना क्षेत्र की है। टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि हादसे में घायलों का उपचार जारी है और अभी तक किसी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है लेकिन दोनों मामले की जांच की जा रही है।

## 26 जनवरी को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आयोजन

# गणतंत्र दिवस पर माकड़ी विखं के सभी ग्रामों में लगा उल्लास मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ खंड शिक्षा अधिकारी ने ली पंचायत प्रभारी व संकुल समन्वयकों की बैठक

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला परियोजना अधिकारी धवल सिंह पोटाई के मार्गदर्शन में माकड़ी विकासखण्ड में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी ग्रामों में उल्लास मेला आयोजित किया गया।

इस संबंध में माकड़ी विकासखण्ड के खंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने ग्राम पंचायत प्रभारी एवं संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित उल्लास मेला में नव साक्षरों द्वारा शैक्षणिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से पढ़ना–लिखना, बोलना–समझना एवं गणना जैसी क्षमताओं को खेल एवं नवाचार आधारित गतिविधियों से सुदृढ़ किया जाएगा।



### बैठक में अधिकारी एवं समन्वयक रहे उपस्थित

बैठक में विकासखण्ड स्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सदाशराम बट्टी, मंडल संयोजक ऋषि नागवंशी, बीआरपी भैराम मानकर, जोगेन्द्र पोयाम, ग्राम पंचायत प्रभारी एवं समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### 14 गतिविधि आधारित स्टालों पर होगी सीखने की प्रक्रिया

उल्लास मेला में कुल 14 गतिविधि आधारित स्टाल लगाए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से रिंग फेंकना, उंगली दौड़ाना, पहचानो कौन, जोड़ मशीन, मेरी घड़ी–तुम्हारा समय, जोड़ी बनाओ, गिनती सीखें, कौन पहले–कौन बाद, चित्र देखो कहानी बनाओ, जोड़ी मिलाओ, सुरिली कुर्सी दौड़ कीट–कीट दौड़ सुरक्षित रहें–स्मार्ट बनें आदि शामिल रहेंगे।

### स्वयंसेवी शिक्षकों व नव साक्षरों की सहभागिता पर जोर

उल्लास नोडल अधिकारी योगेन्द्र दिलीपवार ने कहा कि सभी ग्रामों में आयोजित उल्लास मेले में स्वयंसेवी शिक्षकों एवं नव साक्षरों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। तय अवधारणाओं में से कम से कम सात अवधारणाओं को स्टाल के रूप में प्रदर्शित करने तथा व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

पेज 11 के शेष

### काले कानून के खिलाफ ...

कायस्थ समाज के सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव, आदित्यवाहनी के संभाग अध्यक्ष अनिल सामंत, बस्तर धाकड़ क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष योगेश ठाकुर, उत्कल ब्राह्मण समाज के उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी,बंगाली ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दृशान चक्रवर्ती और उमर वैश्य समाज के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### बापू की पुण्यतिथि पर ....

पर शराब दुकानों का खुलना महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है। भाजपा नेताओं का फोकस कमीशनखोरी में है और शराब की काली कमाई के मोह में लिप्त सरकार शराब बिक्री करवा कर रही है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

## खबर संक्षेप

### मावलीभाटा में लगा 7 दिवसीय शिविर



**तोकापाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राम पंचायत मावलीभाटा के प्राथमिक शाला बाकटीपारा में प्राचार्य संजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में 7 दिवसीय शिविर का उदघाटन किया। इस अवसर पर सरपंच बुटकी बाई, उपसरपंच सोमारू राम, पंच जोगा राम, प्राचार्य, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती, भारत माता, स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्प गुच्छ व दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया गया। इसके बाद एनएसएस ध्वजारोहण किया गया। समस्त अतिथियों का स्वागत कर स्वयंसेवकों को 7 दिवस शिविर की कार्ययोजना के बारे में कार्यक्रम अधिकारी उग्रेस सोरी के द्वारा विस्तार से बताया गया। सहायक कार्यक्रम अधिकारी नगेश दास के द्वारा रासेयो के महत्ता व रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक लोकेश नाग, पीटीआई अविनाश माने, राधाकृष्ण ध्रुव प्रधानपाठक, सीमांत भारती, हेमकुमार ध्रुव, अभिषेक टिर्की सभी का विशेष योगदान रहा।

### सीएससी केंद्रों से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण व सत्यापन



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के समस्त चॉइस सेंटर सीएससी केंद्रों में ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख , लैंड रिकॉर्ड डिजिटलीकरण सॉफ्टवेयर के लिए आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही सभी सीएससी सेंटर ऑपरेटरों को इस सॉफ्टवेयर के संचालन हेतु आवश्यक भौतिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। अब जिले के हितग्राही अपने नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर 1930 से लेकर वर्तमान तक के भूमि संबंधी दस्तावेज जैसे बी.1ए मिसल अभिलेख खसरा पांचशाला इत्यादि अभिलेख प्राप्त कर सकेंगे एवं इन दस्तावेजों के आधार पर भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं सत्यापन करवा सकेंगे। इससे पुराने रिकॉर्ड भी सुरक्षित रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेंगे। कलेक्टर ने ब्लॉकचेन तकनीक के उपयोग से भूमि रिकॉर्ड अधिक सुरक्षित पारदर्शी एवं छेड़छाड़.रहित रहेंगे। इससे भूमि से जुड़े विवादों में कमी आएगी तथा सेवाओं की गति एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा का आज

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी-26) का आयोजन 1 फरवरी को जिले में किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9:30 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से 05:45 बजे तक संपन्न होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार परीक्षा के संपूर्ण संचालन एवं व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव को नोडल अधिकारी, नायब तहसीलदार दंतेवाड़ा महेश कश्यप को सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख भादूराम धनकर को नियुक्त किया गया है। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू संचालन, अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम तथा परीक्षा केंद्रों के सघन निरीक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सदस्यीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टर आकाश छिकारा एवं सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भाटपाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर का सघन औचक निरीक्षण किया गया।

सीएचसी बस्तर का यह निरीक्षण स्वयं खण्ड चिकित्सा अधिकारीडॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में अस्पताल प्रभारी डॉ. देवांशू तिवारी, नर्सिंग सिस्टर रामेश्वरी, बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल, अनीता कश्यप, उर्वशी पाणिग्रही सहित अन्य सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

डिजिटल हेल्थ आरसीएच 2.0 पोर्टल, एनसीडी स्क्रीनिंग और आभा आईडी निर्माण की प्रगति जांची गई। ऑनलाइन डेटा एंट्री को तत्काल पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्डः नियमित टीकाकरण को 100 प्रतिशत करने और गर्भवती माताओं के आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। अस्पताल के वार्डों में उच्च स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।



वय वंदन योजना के तहत घर-घर जाकर कार्ड बनाने की प्रक्रिया का कलेक्टर ने अवलोकन किया। इस दौरान फील्ड स्टाफ का मनोबल बढ़ाने हेतु सीईओ प्रतीक जैन ने स्वयं अपने हाथों से कार्ड बनाकर कार्य में सक्रियता दिखाने का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ ने सीएचसी बस्तर में सेटअप के अनुसार स्टाफ की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए शासन स्तर पर आवश्यक पत्राचार और त्वरित कार्यवाही करने का पूर्ण आश्वासन दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में आने वाली तकनीकी बाधाओं को जिला, राज्य स्तर पर चर्चा कर दूर किया जाएगा ताकि आम जनता को बिना किसी परेशानी के बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। सभी कर्मचारियों ने भी अपने कार्य में सुधार और प्रगति लाने हेतु कलेक्टर को आश्वस्त किया।

## 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

# सुरक्षित सड़कें, सशक्त समाज की नींव : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के सिटी कोतवाली परिसर में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, जनपद पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, पुलिस अधीक्षक गौरव राय,

- यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा की गारंटी : एसपी

उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्दीकी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल उइके, गोविंद दीवान, कमलजीत पाटले सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं वाहन चालकों की लापरवाही, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी जिम्मेदार नागरिक बनें और अपने परिवार व समाज की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही युवाओं को विशेष रूप से सावधानी बरतने की सलाह दी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन न करने से गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई बार जान तक चली जाती है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया चालकों से सीट बेल्ट लगाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से कहा कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकें। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्लाह सिद्दीकी ने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले में किए गए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, रैली, स्कूल-कॉलेजों में संवाद, पोस्टर प्रदर्शनी एवं यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार की जानकारी दी। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का विधिवत समापन किया गया। इस दौरान यातायात अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्राम मुक्कावेली में नवीन सुरक्षा व जन सुविधा कैम्प स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास को नई गति देते हुए बीजापुर जिले के थाना फरसेगढ़ अंतर्गत ग्राम मुक्कावेली में 29 जनवरी को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई। यह कैम्प डीआरजी, जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 19वीं वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा स्थापित किया गया है।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, पहुंच-विहीन मार्गों एवं कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और उच्च मनोबल का परिचय देते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024 से अब तक बीजापुर जिले में कुल 32 नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। यह कैम्प भोपालपटनम-फरसेगढ़-सेण्ड्रा-गढ़चिरौली अंतर्राज्यीय संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इसके माध्यम से नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर गांवों को सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे प्रशासनिक पहुंच एवं आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा।

नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना से क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मोबाइल नेटवर्क, सड़क एवं पुल-पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे माओवादियों की अंतर्राज्यीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी तथा क्षेत्र में स्थायी शांति और विश्वास का वातावरण बनेगा। पुलिस विभाग के अनुसार निरंतर चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियानों के तहत वर्ष 2024 से अब तक 876 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर पुनर्वास का मार्ग अपनाया है, 229 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं, जबकि 1151 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह कैम्प छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्ला नार के अंतर्गत स्थापित किया गया, जो नक्सल प्रभावित इलाकों में समग्र विकास को लक्ष्य बनाती है।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कैम्प की स्थापना से आसपास के ग्रामीणों में उत्साह एवं सुरक्षा का भाव बढ़ा है और क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कुआकोंडा में भाजपा के बढ़ते जनाधार को कांग्रेसी नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कुआकोंडा क्षेत्र भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार से कांग्रेसी बौखला गए। मुद्दाविहीन कांग्रेस अब भाजपा पर गुंडागर्दी और लोगों को डराने धमकाने जैसे ओछे आरोप लगाने से भी बाज नही आ रहे है। मुद्दाविहीन कांग्रेस मेरे नाम को जबरन घसीटते हुए रैली नारेबाजी और धरना प्रदर्शन करते हुये महाराणा प्रताप चौक पर हो हल्ला करने के लिए एकजुट हुई थी। इस पर भाजपा नेता सुमित भदौरिया ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए प्रेस नोट के माध्यम से कहा कि



- छबि धूमिल करने के लिये तरह -तरह की रच रहे साजिश

उक्त पूरा मामला एक धर्म विशेष सम्प्रदाय का युवक अब्दुल हनीफ और दूसरा युवक अनुज भदौरिया के बीच हुआ था। धान खरीदी केंद्र में अपना अवैध धान बिक्री करने अब्दुल हनीफ कुआकोंडा धान खरीदी केंद्र में पहुंचे थे। जिसको वहां पर कुछ ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया यहां पर सिर्फ किसानों का धान ही बिकना चाहिए इसी बात से आहत होकर अब्दुल हनीफ के द्वारा अनुज सिंह से गाली गलौज करने का प्रयास किया गया यही विवाद की मुख्य वजह है। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे मामले को आदिवासी समाज के नाम को भी इस्तेमाल करने की नाकाम कोशिश की गई। इस प्रयास में कांग्रेसी मेरे नाम के साथ अपनी पार्टी के एक कार्यकर्ता विनय प्रताप सिंह को भी घसीट रहे है। जब वह इन्ही की कांग्रेस पार्टी का एक वर्षो से कार्यकर्ता है। स्पोर्ट्स सेल का जिला महासचिव रहा है एवं वर्तमान में इनके जिला अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में भी कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित था। जिसके फोटो साक्ष्य भी मौजूद है इस पूरे प्रकरण में भाजपा का कहीं से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि अनुज सिंह भी किसी पार्टी का कोई कार्यकर्ता नहीं और ना ही मेरा इस घटना से कोई संबंध है। इस पूरे प्रकरण को विवादित करने के पीछे सिर्फ और सिर्फ कांग्रेसी अवधेश गौतम का हाथ है। जिनके नेतृत्व में इस क्षेत्र की जनता ने बुरी तरह से हर चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हर चुनाव में नकारा है चाहे जिला पंचायत का चुनाव हो विधायक सांसद का चुनाव हो या जिसमें यह स्वयं जनपद सदस्य का चुनाव लड़े सबमे जनता ने उन्हें हर जगह हार दी। अपनी राजनीतिक गिरावट देखकर हताशा और मायूसी में झुठे आरोप का खेल खेल रहे है। जबकि इस क्षेत्र में मेरा सभी समाज के साथ भाईचारे का प्रेम व्यवहार का रिश्ता है। भाजपा हमेशा पीड़ति वंचित के साथ देने वाली पार्टी है। इसी लोकप्रियता से घबराकर इस तरह का प्रपंच कांग्रेस द्वारा रचा जा रहा है। इस ड्रामेबाजी में मेरा किसी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है कांग्रेस पार्टी के लगाये सभी आरोप निराधार तथ्यहीन है।

# महात्मा गांधी को मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) के पावन एवं स्मरणीय अवसर पर 30 जनवरी को मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव ए.के. सिंह के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गांधी भवन ( इंटक श्रमिक सदन ) में एक अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भावनात्मक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे से 11:02 बजे तक यूनियन के समस्त आदरणीय पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य, विभागीय प्रतिनिधि, ठेका श्रमिक साथी, सुरक्षा गार्ड साथी, यूनियन सदस्य एवं नगर के नागरिकों तथा गणमान्य जनों द्वारा दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित समस्त अमर शहीदों को विनम्र, सादर एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद दिवस हमें उन असंख्य वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता, अस्मिता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। चाहे वह फांसी के फंदे को हंसते-हंसते झूलने वाले क्रांतिकारी हों, सीमाओं पर डटे वीर सैनिक हों या सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने वाले अनाम नायक इन सभी शहीदों का त्याग ही आज के स्वतंत्र, संप्रभु और लोकतांत्रिक भारत की नींव है। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक बल के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी, वहीं देश के शहीदों ने अपने साहस, संघर्ष और बलिदान से उस आंदोलन को शक्ति प्रदान की।

गांधी के आदर्श और शहीदों का त्याग दोनों मिलकर हमें यह सिखाते हैं कि राष्ट्रसेवा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म, अनुशासन और जिम्मेदारी से होती है।

## मोबाइल वेटनरी यूनिट से दूरस्थ गांवों में पशु उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के चारों विकास खंडों में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) का संचालन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामों में पहुंचकर पशुओं का निशुल्क उपचार, दवाइयों का वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराना है। मोबाइल वेटनरी यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक तीन ग्रामों का भ्रमण कर बीमार पशुओं का उपचार, दवा वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान का कार्य कर रही है। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी, मौसमी टीकाकरण का प्रचार-प्रसार, पशुपालकों की संगोष्ठी एवं पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है।



# कुकानार टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सुकमा जिले के ग्राम पंचायत कुकानार अंतर्गत बोदारासपारा में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आज बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।समापन मुकाबला ग्राम पंचायत कुकानार और चुराभट्टा की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें कुकानार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। विधायक श्री विनायक गोयल ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़े, तो निश्चित रूप से क्षेत्र, जिला और राज्य का नाम रोशन करेगा। गोयल ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इस प्रकार के सफल आयोजन करना सराहनीय है। उन्होंने युवाओं से नशे और गलत प्रवृत्तियों से दूर रहकर खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष आयता मण्डावी, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, उपेंद्र चौहान, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हिरमा कुंजाम, रिन्टु भदौरिया, नन्दा मण्डावी, मुन्नु सिंह, जलन कश्यप, सिताराम नाग, संजय भदौरिया, सुरेश चौहान, कलधर नाग, सोनाधर पाण्डेय, बलदेव बघेल, वीरू पाण्डेय, सुकदास पाण्डेय, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./ क./ तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 20/01/2026

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुमारी पिता आसमन जाति माहरा निवासी ग्राम बड़े आरापुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता स्व. मैती पति आसमन मृत्यु तिथि 21/02/2017 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बड़े आरापुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म/मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय कि पेशी तिथि 04/02/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 04/02/2026

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल

# जिलाध्यक्ष ने जीरामजी योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित लोक-जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक विकसित भारत जी राम जी के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला दंतेवाड़ा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओम सोनी के नेतृत्व में एक सार्थक एवं जनहितकारी पहल की गई। इस क्रम में भाजपा बारसूर मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत हिडपाल एवं उपेट मे वन विभाग द्वारा चलाये जा रहे शासकीय कार्य मे ग्रामीणों एवं मजदूर भाइयो के बीच पहुंच कर विकसित भारत जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर चर्चा की गई। ओम सोनी ने विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के तहत मुख्य 4 बिंदुओं पर चर्चा की।



**खबर संक्षेप**

### शहर में बढ़ता चोरों का आतंक लचर कानून व्यवस्था : मौर्य



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी बयान में कहा कि शहर में लगातार बढ़ती हुई चोरी को लेकर सरकार व पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है। शहर में चोरियां बढ़ती जा रही है और इन चोरों से अब हमारे मंदिर भी अछूता नहीं है। शहर में बढ़ता चोरों का यह आतंक लचर कानून व्यवस्था का परिचायक बन चुका है। उन्होंने कहा दो दिनों से शहर में चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बीती रात चोरों ने सनसीटी में रहने वाले शू व्यवसायी के घर से जेवरात नगद सहित 16 लाख रुपए की चोरी की इतना ही नहीं घर में रखवाली करने वाले डॉग पर भी बुरी तरह से हमला किया। इसके अगले ही दिन मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में निवासरत एक ही साथ पांच डाक्टरों के घरों को निशाना बनाया है। 6 दिन पूर्व बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में हुए लाखों की चोरी का खुलासा आज पर्यंत नहीं हो सका है और चोरों ने फिर से लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया।

### समाजसेवी कुमार जयदेव से मिले मांझी मुखिया व ग्रामीण



**जगदलपुर।** जिले के हमीरगढ़ गांव से मांझी मुखिया सहित ग्रामीणजन समाजसेवी कुमार जयदेव से उनके निवास स्थान पर मुलाकात करने पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की सामाजिक व जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और अपनी प्रमुख मांगें उनके समक्ष रखीं। कुमार जयदेव ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि समाज की ओर से उठाई गई मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने और स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मुलाकात के दौरान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर, प्रकाश रावल और मनोज जंगम भी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर से मिले सामाजिक कल्याण संघ के प्रतिनिधि



**जगदलपुर।** प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में नव पदस्थ कलेक्टर आकाश छिकारा से जन अधिकार सामाजिक कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज मुलाकात की। कलेक्टर को संघ के उद्देश्य एवं जनहित में किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। कलेक्टर ने हर संभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रवक्ता अनंत महतो, उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, बलराम कश्यप, पी. शिंदे, रवि तिवारी, महासचिव अनिल ठाकुर, विपिन तिवारी, संभागीय अध्यक्ष शंकर लाल श्रीवास्तव, संयोजक विनय मंडल, जिला अध्यक्ष केके भटनागर, कोषाध्यक्ष विशाल सतमान, भरोसी राम साहू एवं अन्य शामिल थे।

# संभाग के लोनिवि का चलित प्रयोगशाला वाहन हुआ सक्रिय

## चलित प्रयोगशाला वाहन करेगा सड़कों के गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के लोक निर्माण विभाग का चलित प्रयोगशाला वाहन 4 माह से बेकार खड़ी होने की समाचार प्रमुखता से हरिभूमि ने प्रकाशित किया। इस पर पीडब्ल्यूडी जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता ने लोनिवि उत्तर बस्तर क्रमांक-2 के कार्यपालन अभियंता भावेश सिंह को वाहन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उसके बाद टीम गठित किया, जिसमें नोडल अधिकारी सहित लैब के दो तकनीशियन, दो मजदुर एवं वाहन चालक शामिल हैं। साथ ही इस टीम को सप्ताह में लगभग दो दिन निर्माणाधीन सड़कों की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि जगदलपुर जोन में पहली बार दिसंबर 2022 को चलित प्रयोगशाला वाहन पहुंची। उसके बाद लगभग 150 सड़कों का गुणवत्ता की जांच की गई थी।

■ सीई ने नियुक्त किया नोडल अधिकारी व कर्मी की गठित टीम



पीडब्ल्यूडी का चलित प्रयोगशाला वाहन 4 माह से बिना काम खड़ा

नोडल अधिकारी के सेवानिवृत्त होने से टीम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 3 साल से बस्तर संभाग की 150 सड़कों की गुणवत्ता जांच

सक्रिय होगा चलित प्रयोगशाला वाहन



खबर का असर

### हेराफेरी पर कसेगी लगाम

बताया जा रहा है कि यह वाहन मौके पर जाकर मटेरियल की जांच करेगा, लैब की सक्रियता की वजह से ठेकेदारों में घटिया सामग्री पकड़ी जाएगी। निर्माण में होने वाली गड़बड़ी और पैसों की हेराफेरी पर इसके जरिए लगाम कसेगी।

### गुणवत्ता पर समझौता नहीं

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि चलित प्रयोगशाला वाहन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया और टीम गठित की। यह टीम सड़कों की जांच करेगी, जिससे गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा।

## रजत जयंती वार्षिकोत्सव में आस्था का महासंगम, 380 जोड़ों ने की सत्यनारायण कथा

# मंत्रोच्चार से गूंजा बालाजी मंदिर सामूहिक पूजन में उमड़ी श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



श्री बालाजी मंदिर के रजत जयंती वार्षिकोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। पावन अवसर पर भगवान सत्यनारायण कथा का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व सहभागिता देखने को मिली।

■ भक्तों के महाभंडारे की तैयारी

विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कथा वाचन के दौरान सर्वप्रथम गणेश आवाहन के साथ समस्त देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। इसके पश्चात कथा के पांचों अध्यायों का क्रमशः वाचन हुआ,जहां प्रत्येक अध्याय के बाद पूजन सामग्री अर्पित की गई। सामूहिक आयोजन में 380 जोड़ों ने एक साथ पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम की सुव्यवस्था और श्रद्धालुओं की सेवा में मंदिर समिति, आंध्र समाज एवं स्वयंसेवकों ने समर्पित भाव से योगदान दिया।

पूजन के उपरांत आयोजित महाभंडारे में लगभग 5,000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार रजत जयंती उत्सव का समापन 1 फरवरी को होगा, जब विशाल महाभंडारे में लगभग 30,000 भक्तों के शामिल होने की संभावना है। सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### रजत जयंती महाभंडारा क्रमबद्ध तैयारी

सुबह से सेवा दलों की तैनाती, रसोई व्यवस्था का विस्तार, प्रसाद वितरण की पृथक कतारें, स्वच्छता व पेयजल की सतत व्यवस्था,भीड़ प्रबंधन के लिए स्वयंसेवकों की टीम,तथा श्रद्धालुओं के सुगम प्रवेश-निकास के लिए संकेतक लगाए जा रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट ने सभी भक्तों से सहभागिता की अपील की ।



# किसानों की समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर आज आम आदमी पार्टी द्वारा व्यापक आंदोलन किया गया। इस आंदोलन के तहत केशकाल घाट में नेशनल हाईवे जाम कर सरकार और प्रशासन का ध्यान किसानों की ओर आकर्षित किया गया। आंदोलन में बस्तर संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारी,प्रदेश नेतृत्व,पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान ने कहा कि बस्तर का किसान आज बदहाली की स्थिति में है। धान खरीदी,खाद,बोरा और टोकन जैसी बुनियादी समस्याओं के कारण किसान लगातार परेशान हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट मांग की कि सरकार 28 फरवरी तक किसानों का एक-एक दाना धान खरीदे।

■ केशकाल घाट में नेशनल हाईवे जाम कर सरकार को जगाने का प्रयास

समीर खान ने कहा कि किसान किसी भी राज्य की रीढ़ की हड्डी होता है। किसान अन्नदाता है और पूरे प्रदेश का पालन-पोषण करता है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि भाजपा की तथाकथित डबल इंजन सरकार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। चुनाव के समय किसानों से बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज वे सभी वादे खोखले साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्रिमंडल में किसान परिवारों से जुड़े मंत्री और विधायक होने के बावजूद किसानों की पीड़ा किसी को दिखाई नहीं दे रही है। पार्टी और राजनीति से ऊपर उठकर जनता और किसानों के हित में काम किया जाना चाहिए। समीर खान ने आरोप लगाया कि बस्तर में आम आदमी पार्टी जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन या ज्ञापन देती है, तो सरकार और प्रशासन मिलकर दमनकारी नीति अपनाते हैं।

# अनुभव साझा कर भावुक हुए शिक्षक निष्ठापूर्ण शिक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संकुल केंद्र नानगुर अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा में विदाई एवं स्वागत कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक पद से व्याख्याता पद पर पदोन्नत होने तथा सहायक शिक्षक के स्थानांतरण के अवसर पर संकुल परिवार द्वारा ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भावनात्मक क्षणों और आत्मीयता से सराबोर रहा।

■ पदोन्नति व स्थानांतरण पर शिक्षकों का सम्मान

संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विदाई प्राप्त कर रहे शिक्षकों को शाल,श्रीफल,स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में विदाई लेने वाले शिक्षकों ने विद्यालय में बिताए गए पलों,सहकर्मियों के सहयोग और विद्यार्थियों से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए भावुक क्षणों को याद किया। कार्यक्रम में शिक्षकीय दायित्वों को निष्ठा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ निभाने पर जोर दिया गया तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिक लक्ष्य बताया गया।

संकुल की परंपरा के अनुरूप पदोन्नत एवं नवीन स्थानांतरण होकर आए शिक्षकों का भी शाल-श्रीफल एवं कलम भेंट कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक का आचरण, कार्यशैली और प्रतिबद्धता ही विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मार्गदर्शन एवं संबोधन देने वालों में प्रधान अध्यापक पीजी राव शामिल रहे,जबकि सम्मानित होने वालों में सरोज कुमार सेठिया और श्याम सुंदर बाकड़े रहे। साथ ही ओम प्रकाश कुर्रे,सुंदरलाल ध्रुव,भीमेन्द्र सेठिया,रमेश सोनी सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विदाई–स्वागत कार्यक्रम

विद्यालय परिसर में गरिमामय आयोजन,पदोन्नति व स्थानांतरण पर ससम्मान विदाई, शाल-श्रीफल-स्मृति चिन्ह से सम्मान, शिक्षकों द्वारा अनुभव साझा कर भावनात्मक संबोधन, पदोन्नत व नवपदस्थ शिक्षकों का स्वागत,निष्ठापूर्ण शिक्षण व विद्यार्थियों के हित में समर्पित कार्य का संदेश दिया गया।

### ग्रामीण की समस्याओं का किया निराकरण



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के अंतर्गत सद्भावना भवन में स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन मे मुख्य रूप से अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बकावंड की अध्यक्ष सोनबारी भद्रे एवं उपाध्यक्ष तरुण कुमार पाण्डे रहे। सम्मेलन में पूर्व जनपद अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, अनिल बिसाई, जगमोहन बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीजानकी राम सेठिया, विधायक प्रतिनिधी, सरपंच जैतगिरी गोपाल कश्यप, बकावंड सरपंच डमरूधर, पंचायत से आये पंचगण, बीपीएम संतोष सिंह, पर्यवेक्षक दिनेश पराते, अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे। इसमें ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति से आए हुए 116 समितियों एवं 450 नितानीन व ग्रामीण की समस्याओं का निराकरण किया गया।

# रजत महोत्सव में 25 साल की बता रहे उपलब्धियां







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के रजत महोत्सव के अवसर पर विद्युत कंपनी ने पिछले 2.5 दशकों में हुई उल्लेखनीय प्रगति को प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने बताया कि राज्य के गठन के बाद से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव आया है। विद्युत कंपनी ने ईडी टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी के निर्देश पर विद्युत वितरण केन्द्र नगरनार, धरमपुरा एवं घोटिया में रजत महोत्सव मनाया गया। इसमें नगरनार के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, धरमपुरा में मुख्य अतिथि नीलिमा टीवी रवि रहे। कार्यक्रम में सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े, राजेन्द्र नेताम, कनिष्ठ अभियंता सहित ग्रामीण शामिल रहे।

■ बिजली आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव आया

### कंपनी के कार्यों की सराहना

अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रदेश एवं केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना, बीपीएल विद्युत कनेक्शन योजना के बारे में उपभोक्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिकारियों ने योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्युत कंपनी के कार्यों की सराहना की।

# रणजी खिलाड़ी सौरभ मजूमदार बने बस्तर टीम के कप्तान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप डे (टेस्ट) क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 16 सदस्यीय बस्तर टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान रणजी खिलाड़ी सौरभ मजूमदार को सौंपी गई है। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के सलेक्शन मैच प्रदर्शन,फिटनेस और तकनीकी पक्षों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। टीम का पहला मुकाबला 2 फरवरी से 4 फरवरी तक कांकेर के साथ खेला जाएगा। इसके बाद 6 फरवरी से 8 फरवरी तक कोरबा तथा 10 फरवरी से 12 फरवरी तक महासमुंद के विरुद्ध मुकाबले निर्धारित हैं। इन मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर बस्तर टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। चयनित टीम कल प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। उक्त जानकारी बस्तर जिला क्रिकेट संघ के जिला सचिव केदार ठाकुर ने दी। सचिव ठाकुर के अनुसार चयनकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के संतुलन से सजी यह टीम प्रतियोगिता में बस्तर का नाम रोशन करेगी।

# ग्राम विकास सरकार की पहली प्राथमिकता : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज नानगुर मंडल के ग्राम चिलकुटी में सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक का ग्रामवासियों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। किरण देव ने सर्वप्रथम माता गुड़ी में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि चिलकुटी में 9 लाख की लागत से सीसी सडक का निर्माण कार्य किया जायेगा। सड़क निर्माण से जनता को आवागमन में सुविधा होगी। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहे हैं । विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास करना हमारी प्राथमिकता में है। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, मंडल अध्यक्ष हरि मंडावी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष निलाम्बर सेठिया, सुब्रतो विश्वास, रैदू नाग, सरपंच गौरमनी नाग, पतिराम,धरमू मंडावी, मनोहर सेठिया, राधेश्याम सेठिया, प्रकाश नागेश, सतीश सेठिया, पीलाराम, लखमू बघेल, उदय दुबे, राजेश ओगले, एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

सिरहासार के सामने पुलिया निर्माण का लिया जायजा

# दंतेश्वरी मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने एसपी से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज सिराहासार भवन के सामने निमार्णाधीन पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कार्य को तय समय सीमा पर पूरा करने को कहा।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी सभापति निर्मल पानीग्राही, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,उप अभियंता अशोक कोर्राम व अन्य उपस्थित थे। किरण देव ने मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने बताया मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से सभी बेहतर कार्य हो रहा है। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर व सुदृढ़ करने के विषय पर कार्य किया जायेगा। जितना बेहतर कार्य हो सकता है किया जायेगा। दंतेश्वरी मंदिर में निमार्ण कार्य करने के संबंध में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जिसका कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जायेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निर्मल पानी ग्राही, योगेन्द्र पांडे, शशि रथ, राजीव नारंग, नरेन्द्र पानीग्राही व अन्य उपस्थित थे।

